‘आज़ादी का अमृत महोत्सव’ के भाग के रूप में वांगोई एवं यैरिपोक में 33/11 केवी सबस्टेशन का उदघाटन

30 अक्तूबर 2021

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के भाग के रूप में, आईपीडीएस के अंतर्गत शुरू किए गए 33/11 केवी सबस्टेशन का उद्‌घाटन आज मणिपुर के वांगोई और यैरीपोक में किया गया।

श्री टी. बिस्वजीत सिंह, विद्‌युत, पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास और पंचायती राज, वाणिज्य और उद्‌योग, प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण, सूचना और जनसंपर्क मंत्री, ने श्री ओ लुखोई सिंह, कृषि, पशु चिकित्सा और पशुपालन और पर्यटन मंत्री, मणिपुर सरकार के साथ सबस्टेशन का उद्‌घाटन किया।

इन सब-स्टेशनों से इन दोनों क्षेत्रों में करीब 3000 घरों को लाभ होगा, जिससे विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा और इन क्षेत्रों में एटी एंड सी हानियों को कम किया जा सकेगा।

MANIPUR STATE POWER COMPANY LTD
(A Govt. of Manipur Undertaking)